प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 01.07.2025 समय : 09:00 ए.एम.

.......................

- रेल मंत्रालय ने यात्री रेल सेवा किरायों में आज से बदलाव लागू किया–गैर–एसी मेल और एक्सप्रेस रेलगाड़ी के किरायों में मामूली बढ़ोतरी की गई।
- वित्तीय समावेशन और सामाजिक सुरक्षा अभियान के तहत प्रदेशभर में कई कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे।
- प्रदेशभर में दस्त रोग की रोकथाम और उचित प्रबंधन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से आज से स्टॉप डायरिया कैंपेन शुरू हो रहा है।
- मुख्यमंत्री दुग्ध उत्पादक संबल योजना के तहत अब से दुग्ध उत्पादक पशुपालकों को हर महीने भुगतान किया जायेगा।
- मौसम विभाग ने जुलाई में देश में औसत वर्षा सामान्य से अधिक रहने का अनुमान व्यक्त किया है–प्रदेश में कई स्थानों पर बरसात।

.......................

रेल मंत्रालय ने यात्री रेल सेवा किरायों में आज से बदलाव लागू किया है। गैर–एसी मेल और एक्सप्रेस रेलगाड़ी के किरायों में मामूली बढ़ोतरी की गई है। इनका किराया एक पैसा प्रति किलोमीटर और एसी श्रेणी में दो पैसा प्रति किलोमीटर बढ़ाया गया है। द्वितीय श्रेणी में 500 किलोमीटर तक की यात्रा के लिये किराये में कोई बढ़ोतरी नहीं होगी। मंत्रालय ने बताया कि उपनगरीय एकल यात्रा किराए और मासिक सीजन टिकटों में भी बढ़ोतरी नहीं की गयी है। आज से पहले बुक किये गये टिकटों पर किराया बढोतरी लागू नहीं होगी। आरक्षण शुल्क, सुपरफास्ट प्रभार और अन्य शुल्कों में भी बदलाव नहीं होगा। किराये में बदलाव राजधानी, शताब्दी, दुरंतो, वंदेभारत और तेजस जैसी विशेष रेल सेवाओं पर भी लागू होगा।

.......................

देशभर में आज से शुरू हो रहे वित्तीय समावेशन और सामाजिक सुरक्षा अभियान के तहत प्रदेशभर में भी कई कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। इस अभियान में तीन महीने तक हर ग्राम पंचायत में बैंकिंग, बीमा और पेंशन जैसी आवश्यक वित्तीय सेवाओं की पहुँच सुनिश्चित की जायेगी। साथ ही पात्र नागरिकों को इन योजनाओं से जोडा जायेगा। इसके लिए ग्राम पंचायतों में हर शनिवार को शिविर लगाये जायेंगे। शिविरों में लोगों के प्रधानमंत्री जन धन योजना के तहत निष्क्रिय बैंक खातों का पुनः सत्यापन और नए बैंक खाते खोलने का काम किया जायेगा। साथ ही प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना और अटल पेंशन योजना में नामांकन को प्रोत्साहित किया जायेगा। मुख्य सचिव सुधांश पंत ने सभी जिला कलेक्टरों को शिविरों के सफल आयोजन के लिए आवश्यक स्थान, आधारभूत सुविधाएँ और मानव संसाधन उपलब्ध कराने को कहा है।

.......................

माल और सेवा कर–जीएसटी लागू किये जाने की आज आठवीं वर्षगांठ है। जीएसटी लागू किया जाना देश के कर इतिहास में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि साबित हुआ है। इससे कर व्यवस्था में सकारात्मक बदलाव आया है और व्यापार अनुकूल माहौल बना है। विभिन्न करों और शुल्कों को एकसाथ मिलाने से कर संरचना आसान हुई है, जिससे अनुपालन भार कम हुआ है और व्यापार सुगमता बढ़ी है। करदाता सेवा महानिदेशालय की मुंबई जोनल इकाई ने आज जीएसटी की वर्षगांठ पर शिकायत निपटान, करदाता जागरूकता और लोक संपर्क कार्यक्रम के माध्यम से कुशल और प्रभावी सेवाएं उपलब्ध कराने की प्रतिबद्धता व्यक्त की है।

.......................

प्रदेशभर में दस्त रोग की रोकथाम और उचित प्रबंधन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से आज से स्टॉप डायरिया कैंपेन शुरू हो रहा है। 15 अगस्त तक चलने वाले इस अभियान के दौरान साफ पानी के उपयोग, साफ़ सफाई और स्वच्छता पर विशेष जोर दिया जाएगा।

....

*चिकित्सा और स्वास्थ्य मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर ने बताया कि अभियान के तहत विभाग द्वारा "डायरिया की रोकथाम, सफाई और ओआरएस से रखें अपना ध्यान" थीम पर विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। विभाग की प्रमुख शासन सचिव गायत्री राठौड़ ने बताया कि कैम्पेन के दौरान आशा सहयोगिनियां पांच वर्ष से छोटे बच्चों को घर घर जाकर प्रति बच्चा दो ओआरएस पैकेट और 14 दिन की जिंक की गोली बांटेगी। साथ ही चिकित्सा संस्थानों और आंगनवाड़ी केन्द्रों में ओ आर एस तथा जिंक कॉर्नर बनाये गये है।*

.......................

मुख्यमंत्री दुग्ध उत्पादक संबंल योजना के तहत अब से दुग्ध उत्पादक पशुपालकों को हर महीने भुगतान किया जायेगा। पशुपालन मंत्री जोराराम कुमावत ने कल जयपुर में डेयरी विभाग की समीक्षा बैठक में यह फैसला लिया। उन्होंने कहा कि दुग्ध उत्पादक पशुपालकों को इसी सप्ताह जनवरी, फरवरी और मार्च–2025 तक का भुगतान कर दिया जायेगा। साथ ही अप्रेल, मई और जून का भुगतान भी जुलाई के अंत तक हो जायेगा। डेयरी मंत्री ने गुजरात सीमा से सटे चार दुग्ध संघों–उदयपुर, बांसवाड़ा, रानीवाड़ा–जालौर और बाड़मेर को मजबूत करने के लिए अलग से नीति बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि इन दुग्ध संघों के दुग्ध उत्पादक पशुपालकों के लिए विशेष कार्ययोजना बनाई जाएगी।

.......................

मौसम विभाग ने जुलाई में देश में औसत वर्षा सामान्य से अधिक रहने का अनुमान व्यक्त किया है। विभाग के महानिदेशक डॉक्टर मृत्युंजय महापात्र ने एक वर्चुअल संवाददाता सम्मेलन में कहा कि देश के अधिकतर हिस्सों में सामान्य से अधिक बारिश होने की संभावना है। उन्होंने कहा कि जुलाई में पूर्वोत्तर और पूर्व के अधिकतर हिस्सों तथा पश्चिमोत्तर भारत के कुछ क्षेत्रों में सामान्य से कम बारिश हो सकती है। इधर प्रदेश के पूर्वी क्षेत्रों में कई स्थानों पर बरसात के समाचार है। सवाईमाधोपुर और करौली में सुबह से ही बरसात हो रही है। भरतपुर में कल रात से शुरू हुआ बरसात का दौर रूक–रूक कर सुबह तक जारी है। हमारे संवाददाता ने बताया कि जहां एक ओर बरसात से मौसम सुहावना हो गया है। वहीं निचले इलकों में पानी भरने से लोगों को परेशानी हो रही है।

.......................

मौसम विभाग ने आज धौलपुर, अलवर, बारां, कोटा, दौसा, करौली और सवाईमाधोपुर जिलों तथा आसपास के क्षेत्रों में हल्की से मध्मम बरसात की संभावना जतायी है। वहीं कुछ स्थानों पर भारी बरसात भी हो सकती है। जयपुर, भरतपुर, बूंदी, झुंझुनूं और टोंक जिलों में अलग–अलग स्थानों पर बारिश का यलो अलर्ट जारी किया गया है।

.......................

जैसलमेर में भूजल स्तर में बढोतरी के लिए जिला प्रशासन की ओर से नवाचार किया गया है। इसके तहत छोड गांव में रिचार्ज शाफ्ट बनाये गये है। हमारे संवाददाता ने बताया कि पिछले दिनों हुई अच्छी बारिश से ये जल संरचनाएं पानी से भर गई है।

.......................

आज नेशनल डॉक्टर्स डे है। ये दिन प्रमुख चिकित्साविद डॉ. बिधान चंद्र रॉय की स्मृति में मनाया जाता है। इस दिन का उद्देश्य चिकित्सकों की भूमिका का सम्मान करना है। इस साल की थीम ''मुखौटे के पीछे–उपचार करने वालों को कौन ठीक करता है'' रखी गई है। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने सभी चिकित्सकों को डॉक्टर्स डे की बधाई दी है।

.......................

आज चार्टेड आउन्टेंट दिवस भी है। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि ये दिन सभी वित्त विशेषकों की अद्भुत कौशल दक्षता और नैतिक प्रतिबद्धता को सम्मानित करने का अवसर है।

.......................